# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 23.08.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, दैनिक जागरण आईनेक्स्ट, हिन्दुस्तान, न्यायाधीश, तरुणमित्र न्यूज़,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 23.08.2025

**बिना नक्शा पास कराए बनाया दो मंजिला मकान, वीडीए ने किया ध्वस्त**

**वाराणसी।** भेलुपुर जोन के नगवां वार्ड अंतर्गत ककरमत्ता में 700 वर्गफीट में अवैध निर्माण शुक्रवार को वीडीए प्रवर्तन दल ने ध्वस्त कराया। यहां बिना नक्शा पास कराए ग्राउंड फ्लोर के साथ दो मंजिला बिल्डिंग बनाई जा रही थी। अधिकारियों ने मौके पहुंच कर निर्माण को ध्वस्त कराया और मकान मालिक को चेतावनी दी। संवाद

### अमर उजाला–दि0 23.08.2025

**टीपी नगर योजना में 7 किसानों ने बताई समस्याएं**

वाराणसी। ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत बैरवन गांव में किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए वीडीए ने कैंप लगाया। इसमें ग्राम प्रधान लालबिहारी समेत 7 किसानों ने समस्याएं बताईं। वाराणसी विकास प्राधिकरण के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान अधिशासी अभियंता, तहसीलदार, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, कानूनगो व लेखपाल मौजूद रहे। संवाद

### अमर उजाला–दि0 23.08.2025

**जिला पुस्तकालय के निर्माण कार्य का राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ**

**वाराणसी।** राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल ने शुक्रवार को अर्दलीबाजार स्थित एलटी कॉलेज परिसर में 19.70 करोड़ की लागत से बनने वाले आधुनिक नवीन जिला पुस्तकालय का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इसका शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। राज्यमंत्री ने अफसरों को निर्देश दिए कि तय समय में निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाए।

राज्यमंत्री ने कहा कि इस आधुनिक जिला पुस्तकालय के बन जाने से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे परीक्षार्थियों और छात्र-छात्राओं को सुविधा होगी। यह पुस्तकालय उनकी सफलता में मील का पत्थर साबित होगा। इसमें 35 हजार से अधिक पुस्तकें रहेंगी और 500 से अधिक लोग इसमें बैठकर पढ़ सकेंगे। इस मौके पर अपर सचिव वीडीए गुडकेश मिश्रा, मुरलीधर सिंह, मणि तिवारी, सुरेंद्र नाथ पांडेय, मनोज सोनकर, सिद्धनाथ शर्मा, विनय सडेजा, राजू सिंधु तरंग, मनोज दुबे आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## दैनिक जागरण—दि0 23.08.2025

### अपर सचिव ने किसानों को दिया आश्वासन

जासं, राजातालाब: मोहनसराय टांसपोर्ट नगर मे शुक्रवार को किसानों से बातचीत करने के लिए विकास प्राधिकरण के अपर सचिव पहुंचे थे। किसानों ने वीडीए सचिव वेदप्रकाश मिश्रा से शिकायत दर्ज कराई थी कि बिना मुआवजा लिए किसानों की जमीन पर भी पिलर गाड़ दे रहे हैं। जिसको लेकर वीडीए के लोगों ने किसानों से बातचीत की। इस दौरान बिना मुआवजा लिए आठ किसानों ने शिकायत पत्र दिया कि उनकी जमीन के पास मुआवजा लिए किसानों की जमीन सटी है। लेखपाल की मौजूदगी में बिना मुआवजा लिए किसान वीरेंद्र उपाध्याय की जमीन नापी की गई। पूर्व प्रधान लालबिहारी पटेल ने शिकायत की कि पंचायत भवन पर जाने वाले रास्ते को भी वीडीए ने बंद कर दिया है जिसको चालू कराया जाए। अपर सचिव ने किसानों को बताया कि मुआवजा लिए किसानों के ही जमीन पर काम कराया जा रहा है बाकी से बातचीत किया जाएगा।

## दैनिक जागरण आईनेक्स्ट—दि0 23.08.2025

### सूरज पैराडाइज में हाईटेक फ्लैट



फ्लैट का निरीक्षण करते वीडीए वीसी.

varanasi@inext.co.in

VARANASI (22 Aug): वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने आराजी सं० 55/3, 56 एवं 57 मौजा-धनेसरी तहसील पिंडरा पर निर्मित ग्रुप हाउसिंग (B G 6th) तल पर 65 flats (सुरज पैराडाइज) के कम्प्लीशन प्रमाण पत्र के लिए स्थलीय का निरीक्षण किया. वीडीए वीसी ने बेसमेंट में डबल स्टैक पार्किंग, एसटीपी, भूतल पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सिक्स फ्लोर पर फ्लैटों और टैरस फ्लोर पर सोलर सिस्टम का निरीक्षण किया. सुरज पैराडाइज की साइट पर निरीक्षण के दौरान टाउन प्लानर प्रभात कुमार, सहायक नगर नियोजक सौरभ जोशी, जोनल अधिकारी (जोन-1), शिवाजी



मिश्रा, अवर अभियंता (मानचित्र) जयप्रकाश गुप्ता, अवर अभियंता (जोन-1) रोहित कुमार मौजूद थे. वाराणसी के प्रीमियम हरहुआ में स्थित यह रेडी टू मूव-इन टू बीएचके फ्लैट बिक्री के लिए उपलब्ध है. यह फ्लैट शिवकाशी सूरज पैराडाइज कॉम्पलेक्स के भीतर एक बेहतरीन जगह पर है. यहां रहने वाले लोगों की सुविधा के लिए आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध है.

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## हिन्दुस्तान—दि0 23.08.2025

### नेट जीरो लाइब्रेरी का हुआ भूमि पूजन

**वाराणसी।** राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) रवींद्र जायसवाल ने शुक्रवार को एलटी कॉलेज परिसर में नेट जीरो लाइब्रेरी का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय पर्यावरणीय संतुलन, सांस्कृतिक चेतना एवं आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं का अद्वितीय संगम होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2070 तक नेट जीरो के संकल्प की दिशा में यह परियोजना एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरानवीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, पार्षद विनय शादेजा, सिद्धनाथ शर्मा, अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा आदि मौजूद रहे।

## न्यायाधीश—दि0 23.08.2025

### वीडीए जोन-4 ( वार्ड-नगवाँ/भेलूपुर ) के प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित



वाराणसी ।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-4 (वार्ड-नगवाँ/ भेलूपुर) के प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।जोन-4 (वार्ड-नगवाँ / भेलूपुर) के अंतर्गत सीताराम व पूजन द्वारा विशाल स्वीट्स हाउस के बगल में, बड़ी पटियाँ, ककरमत्ता, वार्ड-नगवाँ, जिला-वाराणसी में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये लगभग 700 वर्गफीट में जी+2 तलों का निर्माण कार्य किये जाने पर आज दिनांक 22.08.2025 को ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी ।मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार,अवर अभियंता आदर्श निराला प्रवर्तन टीम उपस्थित रही । उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## न्यायाधीश–दि0 23.08.2025

### मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) रविन्द्र जायसवाल द्वारा किया गया 'नेट जीरो लाइब्रेरी' का भूमि पूजन

शहर में ज्ञान व सतत विकास का शुरू होगा नया अध्याय



वाराणसी ।'नेट जीरो लाइब्रेरी' परियोजना का भूमि पूजन मा0 मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री रविन्द्र जायसवाल द्वारा एल.टी. कॉलेज परिसर, अर्दली बाजार में सम्पनन हुआ। इस अवसर पर अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा एवं अवर अभियंता विजय सिंह उपस्थित रहे।वाराणसी में प्रस्तावित यह पुस्तकालय पर्यावरणी संतुलन, सांस्कृतिक चेतना एवं आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं का अद्वितीय संगम होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2070 तक नेट जीरो के संकल्प की दिशा में यह परियोजना एक महत्वपूर्ण कदम है। इसे वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा ल्क्ष्ण लिमिटेड के सहयोग से ङलगभग 20 करोड़ङ रुपये की लागत से निर्मित किया जा रहा है।यह पुस्तकालय केवल पठन-स्थल नहीं, बल्कि सांस्वृतिक आयोजनों, सामुदायिक सहभागिता एवं जीवनपर्यंत सीखने का वेंद्र बनेगा। वाराणसी को सतत शहरी विकास का आदर्श मॉडल बनाने की दिशा में यह परियोजना एक मील का पत्थर सिद्ध होगी।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 23.08.2025

### नेट जीरो लाइब्रेरी का भूमि पूजन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने किया

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** नेट जीरो लाइब्रेरी.परियोजना का भूमि पूजन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल द्वारा शुक्रवार को एल.टी. कॉलेज परिसर, अर्दली बाजार में सम्पन्न हुआ।

वाराणसी में प्रस्तावित यह पुस्तकालय पर्यावरणीय संतुलन, सांस्कृतिक चेतना एवं आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं का अद्वितीय संगम होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2070 तक नेट जीरो के संकल्प की दिशा में यह परियोजना एक महत्वपूर्ण कदम है। इसे वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा एनएचपीसी लिमिटेड के सहयोग से लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित किया जा रहा है।



भूमि पूजन कार्यक्रम में मौजूद मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) रविंद्र जायसवाल, वीडीए अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, भाजपा बागेश्वरी मंडल अध्यक्ष/पार्षद एडवोकेट सिद्धनाथ शर्मा व अन्य

इसकी क्षमता 500 उपयोगकर्ता की है। कुल 35,000 से ज्यादा पुस्तकें हैं। इसका निर्मित क्षेत्रफल 20,930 वर्ग फुट है जो तीन मंजिले स्वरूप में है। इसके भूतल में सभागार, बाल पठन क्षेत्र, कैफेटेरिया, प्रथम तल में विशाल पठन कक्ष, डिजिटल पुस्तकालय द्वितीय तल में ग्रीन टैरेस, भवन प्रबंधन प्रणाली है। सतत एवं स्मार्ट संरचना के अंतर्गत सौर ऊर्जा आधारित छत, वर्षा जल संचयन, ऊर्जा दक्ष HVAC, जल अपशिष्ट रीयूज़ प्रणाली एवं स्मार्ट निगरानी तंत्र कार्यरत है। इस अवसर पर वीडीए के अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, भाजपा बागेश्वरी मंडल अध्यक्ष / पार्षद एडवोकेट सिध्दनाथ शर्मा, अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा एवं अवर अभियंता विजय सिंह उपस्थित रहे।